# कार्यालय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला इन्दौर(म.प्र.)

## : : निविदा शर्तें : :

1— निविदा http://mptender.gov.in के माध्यम से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इंदौर के नाम से दिनांक 31.12.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक सिर्फ Online Mode मे ही प्राप्त की जायेगी। उक्त निविदा दिनांक 02.01.2026 को सांय 05:00 बजे निविदाकर्ताओं के समक्ष जिला न्यायालय में गठित समिति द्वारा खोली जाएगी।

2— नियत दिनांक एवं समय के पश्चात् निविदा प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावेगा।

3— आदेशानुसार सामग्री न्यायालय तक पहुंचाए जाने का समस्त दायित्व निविदाकार का होगा।

4— प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंदौर को यह अधिकार होगा कि ऑनलाईन निविदा खोलते समय वर्दी के सेम्पल का अवलोकन किये जाने पर सेम्पल अच्छी गुणवत्ता अच्छी एवं कम मूल्य होने पर ही विचार किया जायेगा एवं उक्त निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त किया जा सकता है। जिसका अंतिम निर्णय माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्दौर का होगा।

5— निविदा में वर्दी सामग्री किस कंपनी द्वारा निर्मित है, सामग्री का साईज नाप, तौल आदि निविदा में अंकित करना अनिवार्य है।

6— निविदाकर्ता को पुरूष खाकी एवं सफेद वर्दी के सेम्पल के रूप में एक पूर्ण वर्दी में लगने वाला 3.5—मीटर का कपड़ा तथा महिला कर्मचारी के लिए रंग—नीला (आसमानी) साड़ी, सलूका, पेटीकोट का सेम्पल एवं 5—मीटर खाकी सलवार सूट का कपड़ा जिला न्यायालय इन्दौर में प्रेषित करना होगा। सेम्पल पर फर्म की सील या प्रमाणिकरण किया जाना अनिवार्य होगा।

7— निविदा एवं निविदा के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों में निविदाकर्ता के हस्ताक्षर व सील होना आवश्यक है।

8— निविदाकार द्वारा दी गई सामग्री स्वीकृत दर एवं मात्रा पर प्रदाय करने हेतु निर्धारित तिथि तक बाध्य होगा।

9— निविदा की गई, सामग्री निम्न स्तर की होने की दशा में संपूर्ण सामग्री निविदाकार को अपने व्यय पर वापस उठाना होगा तथा अनुबंध अनुसार सामग्री अतिशीघ्र प्रदाय करनी होगी।

10— निविदा से सम्बंधित शर्ते एवं प्रदाय किए जाने वाले सामान की सूची (उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश) जबलपुर की वेबसाईट www.mphc.gov.in, www.mptenders.gov.in एवं जिला न्यायालय इन्दौर की वेबसाईट www.districts.ecourts.gov.in/indore से डाउनलोड की जाकर राशि रूपयें 500/— ऑनलाईन फीस जमा कर दिनांक 31.12.2025 तक दोपहर 02:00 बजे तक http://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत की जा सकती है।

11— सामग्री का आदेश प्राप्त होने पर सामग्री निर्धारित अवधि मे प्रदाय करनी होगी।

12— निविदा की दरें अनुबंध दिनांक से **एक वर्ष तक** के लिए मान्य होगी।

13— निविदाकार, वाणिज्यकर/जीएसटी पंजीयन होने का जीवित प्रमाण—पत्र की छायाप्रति संलग्न करें तथा साथ ही फर्म ने आयकर अदा किया है उस पर कोई कर बकाया नहीं है, का घोषणा पत्र संलग्न करना होगा।

14— निविदाकारों को सुरक्षा निधि के रूप में राशि 20,000/— रूपयें की ई.एम.डी. राशि बैक में एफ.डी. के रूप में जमा करनी होगी।

15— वर्दी ब्रान्डेड/नॉन ब्रॉडेंड के नमूने निविदा खोली जाते समय निविदा समिति द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा।

16— किसी भी शर्त के भंग होने पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंदौर को अनुबंध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा सुरक्षा निधि राजसात कर जी जायेगी।

17— शासन द्वारा लागू जीएसटी की दरें अधिक या कम होने पर विचारणीय होगा।

18— सम्पूर्ण सामग्री की दरें समस्त करों सहित दी जाये।

19— निविदा खोली जाते समय सर्वप्रथम तकनीकी विड एवं ईएमडी की राशि के लिफाफे खोले जाएंगे जिस निविदाकर्ता द्वारा ईएमडी की राशि एवं तकनीकी विड से संबंधित चाहे गए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाएंगे उन निविदाकर्ताओं की निविदा पर वित्तीय विड के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी विड में सफल निविदाकर्ताओं के ही वित्तीय पेड के लिफाफे खोले जाएंगे।

20— निविदा द्वारा सामग्री की जो भी दरें दी गई है, वह अनुबंध अवधि तक यथावत रहेगी निविदाकारों द्वारा किसी भी वस्तु की दर बढ़ाने हेतु किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

21— निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी हेतु जिला नाजिर नजारत अनुभाग, इंदौर के मोबाईल नंबर 9826602840 पर संपर्क किया जा सकता है।

22— उक्त शर्तो के अतिरिक्त, अंतिम निर्णय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, का होगा।

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**जिला इंदौर(म.प्र.)**

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
**नाम एवं पता :—**

# परिशिष्ट–बी

## तकनीकी विड में प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज

| क्रमांक | दस्तावेजों का विवरण | रिमार्क |
|---|---|---|
| 1 | ई.एम.डी / डी.डी. / एफ.डी. क्रमांक, दिनांक एवं राशि का विवरण | |
| 2 | पेन नंबर | |
| 3 | आयकर विवरण | |
| 4 | जीएसटी रजिस्ट्रेशन | |
| 5 | ऑनलाईन निविदा फीस राशि 500 / – रूपयें जमा की रसीद | |

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**जिला इंदौर(म.प्र.)**

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम एवं पता :–

# –: परिशिष्ट–ए :–

## वर्दी सामग्री का विवरण

| क्रमांक | सामग्री का नाम विवरण सहित | प्रदाय की जाने वाली सामग्री की कंपनी | 01–वर्ष में क्रय की जाने वाली संभावित वर्दी सामग्री | निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली प्रति मीटर में दर जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुरूष कर्मचारी वर्दी कपड़ा खाकी (पेंट शर्ट हेतु) | | 222 | |
| 2 | महिला कर्मचारी हेतु खाकी सलवार सूट का कपड़ा | | 44 | |
| 3 | महिला कर्मचारी हेतु वर्दी सेट (साड़ी, ब्लाउज पेटीकोट) रंग–नीला (आसमानी) | | 4 | |

टीप :–

1. पुरूष कर्मचारी हेतु वर्दी का कपड़ा प्रतिमीटर दर अनुसार प्रदाय किया जावे।

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**जिला इंदौर(म.प्र.)**

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम एवं पता :–